# सीएम परिवहन सेवा- पहले चरण में 5206 बसें चलेंगी

- पहले चरण के लिए 1164 मार्गों का चयन
- दो चरणों में शुरू होगी सेवा
- शीघ्र सेवा शुरू करने के सीएम के निर्देश




**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के पहले चरण में कुल 1,164 मार्गों पर लगभग 5,206 बसों का संचालन अगले दो सालों में किया जाएगा. इन सभी बसों की सुचारू मॉनिटरिंग के लिए एक दक्ष एवं इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट मैंनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया जा रहा है.**

योजना के पहले चरण में इंदौर क्षेत्र के कुल 121 मार्गों में कुल 608 बसें, उज्जैन क्षेत्र के 120 मार्गों में 371 बसें, भोपाल क्षेत्र के 104 मार्गों में 398 बसें, जबलपुर क्षेत्र के 83 मार्गों पर 309 बसें, सागर क्षेत्र के 92 मार्गों में 344 बसें, ग्वालियर क्षेत्र के 65 मार्गों में 298 बसें तथा रीवा क्षेत्र के 35 मार्गों में 184 बसें चलाई जाएंगी. योजना के तहत चलाई जाने वाली सभी बसों का रंग एक जैसा होगा, ताकि एकरूपता बनी रहे.

यह जानकारी गुरुवार को मंत्रालय में प्रजेंटेशन के दौरान सचिव परिवहन विभाग मनीष सिंह ने दी. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शीघ्र ही ये सेवा शुरू करने के निर्देश दिए. इस पर सचिव परिवहन विभाग ने बताया कि योजना को धरातल पर लाने के लिए तेजी से प्रक्रियागत काम जारी है. यह योजना दो चरणों में चलाई जाएगी. इसके लिए प्रदेश में 7 क्षेत्र क्रमशः इंदौर, उज्जैन, भोपाल नर्मदापुरम सहित, जबलपुर, सागर, ग्वालियर चंबल सहित एवं रीवा शहडोल सहित स्थापित किए गए हैं. पहले चरण में चलाई जाने वाली बसों के लिए क्षेत्रीय मुख्यालयों से उपनगरीय क्षेत्रों तक विस्तारित मार्ग मंजूरी की विभागीय अधिसूचना भी जारी कर दी गई है. अन्य क्षेत्रों के विस्तारित मार्गों की अधिसूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी.

### मप्र. राज्य सड़क सुरक्षा सचिवालय का होगा गठन

बैठक में बताया गया कि हाल ही में मप्र में हुई सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक में कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा इन दोनों योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की पहल की बेहद सराहना की गई है. इसी कमेटी की अनुशंसा पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में अलग से मप्र. राज्य सड़क सुरक्षा सचिवालय का गठन भी किया जा रहा है. सचिव परिवहन ने बताया कि प्रदेश में ई-डिटेक्शन प्रणाली प्रारंभ करने की व्यवस्था की जा रही है. इस पर काम प्रगति पर है. इस प्रणाली से चिन्हित स्थानों पर लगे कैमरों द्वारा वाहनों की नंबर प्लेट अपने आप स्कैन हो जाएगी. स्कैन किए गए वाहन क्रमांक से दस्तावेज वाहन पोर्टल से स्वतः जांच होकर सीधे ऑनलाइन भेज दिया जाएगा.

### परिवहन चौकियों को इंटीग्रेटेड करें

सीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश की सीमा में अन्य राज्यों से आने वाले मालवाहक वाहनों की जांच के लिए परिवहन चौकियों और टोल नाकों को और अधिक आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न बनाया जाए. इसके लिए परिवहन चौकियों को शीघ्र ही इंटीग्रेटेड करने के प्रयास किए जाएं. प्रदेश में सर्वाधिक दुर्घटना क्षेत्रों की मैपिंग करा ली जाए, जिससे जरूरतमंदों को जल्द से जल्द मेडिकल सर्विसेस मुहैया कराई जा सकें. विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही एम्बुलेंस सेवाओं को एक प्लेटफार्म पर लाया जाए, जिससे दुर्घटना क्षेत्रों में जरूरतमंद तक 30 मिनट से भी कम समय में एम्बुलेंस ऑटो मोड में पहुंच जाए.



# मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी और लू का कहर

- हीटवेव के बीच कई जिलों में रेड अलर्ट
- प्रदेश के 16 जिलों में तापमान 44 डिग्री तक

**भोपाल, 21 मई. मध्यप्रदेश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है. राज्य के कई शहरों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और सूरज की तीखी तपिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. मौसम विभाग ने गुरुवार को पूरे प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट जारी करते हुए सात जिलों में तीव्र लू का रेड अलर्ट घोषित किया है. सबसे अधिक असर ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड क्षेत्र में देखा जा रहा है.**

खजुराहो प्रदेश का सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया, जहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. यह मई महीने में अब तक का सबसे अधिक तापमान माना जा रहा है. नौगांव में 46.6 डिग्री, दमोह में 46 डिग्री, मंडला में 45.6 डिग्री और सतना में 45.3 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया. कई शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. प्रदेश के बड़े शहरों में जबलपुर 44.9 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा. वहीं ग्वालियर में 44.3 डिग्री, भोपाल में 42.6 डिग्री, उज्जैन में 42 डिग्री और इंदौर में 41.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. लगातार बढ़ती गर्मी ने दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा बढ़ा दिया है. मौसम विभाग ने भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है. इन क्षेत्रों में तापमान 45 डिग्री या उससे अधिक पहुंचने की संभावना है. इसके अलावा भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी, विदिशा, सागर, रीवा और अन्य जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट लागू किया गया है.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 23 मई तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा और इसके बाद नौतपा शुरू होने से तापमान और बढ़ सकता है. इससे पूरे प्रदेश में गर्म हवाओं का असर और तेज होगा.

विशेषज्ञों ने नागरिकों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है. इस दौरान अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की अपील की गई है. बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है.

# हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने ग्रहण किया पदभार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल यानी हाउसिंग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन ने पदभार ग्रहण किया.**




इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि मंडल को एक अत्यंत अनुभवी और योग्य नेतृत्व प्राप्त हुआ है. अध्यक्ष जैन के दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, विजन और कुशल मार्गदर्शन में मंडल के विकास कार्यों को एक नई गति और ऊंचाई मिलेगी. विजयवर्गीय ने मंडल के आगामी लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश के बड़े महानगरों में बड़े प्रोजेक्ट्स का क्रियान्वयन किया जाना है. हमारा मुख्य ध्येय मध्यम और निम्न-मध्यम श्रेणी के परिवारों के लिए सर्वसुविधायुक्त मकान निर्मित करना है. बड़े शहरों में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए स्वयं का आशियाना बनाना मुश्किल कार्य हो गया है, इसलिए मंडल को पूरी शुचिता और लोक कल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ कार्य करना होगा.

नवनियुक्त अध्यक्ष जैन ने मंत्री विजयवर्गीय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि उनका लंबा राजनैतिक-प्रशासनिक अनुभव हमारे लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा. जैन ने भावुक होते हुए कहा, वर्ष 1983 से जनसेवा में सक्रिय विजयवर्गीय की कार्यशैली, तन्मयता और उनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुकरणीय है. हम उनके द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों और प्राथमिकताओं का अक्षरशः पालन करते हुए मंडल को विकास के नए प्रतिमानों पर ले जाएंगे. पदभार ग्रहण करने बाद अध्यक्ष जैन ने मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और आगामी कार्य-योजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# भोपाल मंडल की 4 ट्रेन प्रभावित

**भोपाल, 21 मई. पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 7 और 8 पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली चार ट्रेनें प्रभावित रहेंगी. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति जांचने की अपील की है.**

एक जून को बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी. यह ट्रेन गोरखपुर कैंट और गोरखपुर स्टेशन के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी. वहीं 2 जून 2026 को चलने वाली गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन से रात 9:40 बजे शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और गोरखपुर से गोरखपुर कैंट के बीच नहीं चलेगी. इसके अलावा 29 मई से 7 जून 2026 तक चलने वाली अहमदाबाद - गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन पर ही समाप्त होगी. वहीं 30 मई से 8 जून 2026 तक गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस गोरखपुर कैंट स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएगी.

रेलवे ने कहा है कि निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है.

# पुलिस में भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने सूबेदार एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के लिए शारीरिक प्रवीणता परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार की तिथियां घोषित कर दी हैं. 500 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 29 अप्रैल तक भोपाल, जबलपुर, सागर और सीधी सहित चार शहरों में आयोजित की गई थी. परीक्षा परिणाम 18 मई को मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किए गए थे.**

लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 5 जून से 11 जून 2026 तक भोपाल के लाल परेड ग्राउंड, जहांगीराबाद तथा जबलपुर के 6वीं वाहिनी, एसएएफ, रांझी स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित होगी.

मंडल ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे आधिकारिक पोर्टल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि एवं केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों. अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्र या तिथि में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा. प्रक्रिया के दौरान आधार आधारित ई-केवाईसी सत्यापन तथा मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा.

## अवैध उत्खनन करते पोकलेन और डंपर जब्त

**धार, 21 मई.** जिले में वन विभाग ने वन भूमि पर अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पोकलेन मशीन और डंपर जब्त किया है. कार्रवाई पीथमपुर क्षेत्र में देर रात मुखबिर की सूचना पर की गई.

वन विभाग के अनुसार वन मंडल अधिकारी विजयानंथम टी.आर. के मार्गदर्शन में धार वन मंडल की टीम ने छापामार कार्रवाई की. वन परिक्षेत्र अधिकारी मांडव सचिन सयदे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पीथमपुर स्थित टंट्या मामा भील चौराहे के पास इंडोबोरेक्स कंपनी के नीचे वन भूमि पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है. सूचना पर वन अमला देर रात मौके पर पहुंचा और वन कक्ष क्रमांक 480 में अवैध उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन तथा बिना नंबर का डंपर रंगे हाथ पकड़ लिया.

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा देश के प्रति उनके योगदान को याद किया.**



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया. सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि देश में नफरत और विभाजन की राजनीति का माहौल बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी एवं आर्थिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या नफरत की विचारधारा का परिणाम थी और आज फिर वैसा ही वातावरण तैयार किया जा रहा है.

केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत, रोजगार और मजबूत अर्थव्यवस्था के वादों के साथ सत्ता में आए थे, लेकिन आज देश आर्थिक संकट, बेरोजगारी और सामाजिक विभाजन जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था, संस्थाओं और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतंत्र को मजबूत करने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और देश को एकजुट रखने की राजनीति करती रही है. कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने तथा लोकतंत्र, संविधान और भाईचारे की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया.

## विद्युत तार चोरी करते पकड़ा गया एक आरोपी

**मुरैना, 21 मई.** जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने विद्युत लाइन से तार काटते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए. जौरा के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नितिन बघेल ने बताया कि देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खिटोरा में लंबे समय से बिजली के तार चोरी होने की घटनाओं से ग्रामीण परेशान थे. लगातार हो रही चोरी के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही थी. इसके चलते ग्रामीणों ने स्वयं निगरानी करने का निर्णय लिया.

उन्होंने बताया कि कल देर रात तार चोर गिरोह विद्युत लाइन से तार काट रहा था, तभी ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ लिया. उसके दो साथी मौके से भागने में सफल हो गए.

# नर्सिंग कॉलेज में अनियमितताओं का आरोप

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत भेजकर गांधी मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग कॉलेज में गंभीर अनियमितताओं, छात्राओं के मानसिक उत्पीड़न तथा कमरों पर कथित अवैध कब्जे का आरोप लगाया है.**




एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने आरोप लगाया कि शैक्षणिक गतिविधियों के लिए निर्धारित दो महत्वपूर्ण कमरों का उपयोग प्रभारी प्रोफेसर एवं स्टाफ नर्स द्वारा निजी कार्यों के लिए किया जा रहा है, जिससे कक्षाओं के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की कक्षाएं छात्रावास के मनोरंजन कक्ष में संचालित की जा रही हैं, जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अक्षय तोमर ने आरोप लगाया कि शिकायत करने वाली छात्राओं को आंतरिक परीक्षाओं में नुकसान पहुंचाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की धमकियां दी जा रही हैं. एनएसयूआई ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा शिकायतकर्ता छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. संगठन ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा.

## ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई 50 हजार वसूले

**मुरैना, 21 मई.** जिले में यातायात पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 100 ई-रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये समन शुल्क वसूला.

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने यातायात पुलिस को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे. इसके बाद आज शहर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया.

# विभिन्न जिलों में नई कार्यकारिणियों की घोषणा

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई जिला कार्यकारिणियों की घोषणा की है. यह नियुक्तियां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में की गई हैं.**




पार्टी सूत्रों के अनुसार सीधी, मंदसौर, रायसेन, नर्मदापुरम, नीमच, उज्जैन ग्रामीण, सागर शहर, पन्ना, टीकमगढ़ और गुना जिलों में नई जिला कार्यकारिणियों का गठन किया गया है. कांग्रेस का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है.

प्रदेश संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने बताया कि नवगठित समितियों में अनुभवी, समर्पित और सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीमों के माध्यम से प्रदेशभर में पार्टी गतिविधियों को नई गति मिलेगी और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा.

डॉ. कामले ने कहा कि मध्यप्रदेश के लगभग सभी जिलों में संगठनात्मक नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि शेष जिलों की कार्यकारिणियों की घोषणा आगामी दिनों में की जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक प्रभावी संगठनात्मक ढांचा तैयार करने के लिए लगातार प्रयासरत है. उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे.

**मुद्दा** | तीन लाख से अधिक किसानों के नाम योजना से चुपचाप हटाने का आरोप लगाया पूर्व सीएम ने

# भाजपा राज में किसानों के साथ छलावा हो रहा है : कमलनाथ

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर किसानों के साथ 'हर स्तर पर धोखा' करने का आरोप लगाया. उन्होंने किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की संख्या में आई कमी और शिवपुरी जिले में गेहूं खरीदी भुगतान में कथित साइबर धोखाधड़ी का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा.**

कमलनाथ ने एक बयान में कहा कि पिछले एक वर्ष में प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से तीन लाख से अधिक किसानों के नाम चुपचाप हटा दिए गए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एक ओर योजना का व्यापक प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर वास्तविक लाभार्थियों की संख्या लगातार घट रही है.



उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लगभग 86.49 लाख किसानों को लाभ मिला था, लेकिन वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर करीब 83.01 लाख रह गई. उन्होंने कहा कि तीन लाख से अधिक किसानों को बिना पारदर्शिता के योजना से बाहर कर दिया गया है.

कमलनाथ ने यह भी कहा कि 80 हजार से अधिक किसानों की ई-केवाईसी प्रक्रिया अब तक लंबित है, जबकि करीब 1.87 लाख किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं होने के कारण पात्र किसानों को किस्त का भुगतान नहीं मिल पा रहा है.

उन्होंने सरकार से मांग की कि पात्र किसानों को लंबित राशि तत्काल जारी की जाए और अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं के माध्यम से किसानों को परेशान करना बंद किया जाए.

शिवपुरी जिले में गेहूं खरीदी भुगतान में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कमलनाथ ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचे गए गेहूं का भुगतान किसानों के खातों में पहुंचने के बजाय संदिग्ध बैंक खातों में पहुंचने की खबरें बेहद गंभीर हैं. उन्होंने इसे साइबर धोखाधड़ी का मामला बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच तथा प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की.

# प्रदेश में 1.49 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए विभिन्न जिलों में संयुक्त कार्रवाई कर 1.49 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ और अन्य सामग्री जब्त की है. जब्त सामग्री में गांजा, स्मैक, एमडी ड्रग्स, डोडा चूरा, नशीली कफ सिरप और इंजेक्शन शामिल हैं.**



इंदौर में पुलिस ने पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर एमडी ड्रग्स, अवैध हथियार और करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की. वहीं सीधी जिले में 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत पुलिस ने नशीली कफ सिरप तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 900 से अधिक ऑनरेक्स सिरप की बोतलें और वाहन जब्त किए.

मऊगंज, अनूपपुर, शिवपुरी, श्योपुर और गुना जिलों में भी बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांजा और स्मैक बरामद कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया.

इसके अलावा भोपाल जीआरपी और जबलपुर क्राइम ब्रांच ने अलग-अलग कार्रवाई में गांजा, नशीले इंजेक्शन और नकदी बरामद की.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14